**प्रेस नोट-**
**थाना मऊरानीपुर, जनपद झाँसी**

**दिनांक- 09.03.2026**

- **झाँसी पुलिस द्वारा अपराधों के रोकथाम एवं वाँछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही प्रभावी कार्यवाही,**
- **थाना मऊरानीपुर पुलिस द्वारा दहेज हत्या के अभियोग में वाँछित 03 अभियुक्तगण गिरफ्तार,**
- **गिरफ्तार अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के मार्गदर्शन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में आज दिनाँक 09.03.2026 को थाना मऊरानीपुर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 95/2026 धारा- 85,80(2),115(2) BNS व 3/4 डी0पी0 एक्ट में वांछित अभियुक्तगण 1. भरोसेराम उर्फ रामभरोसे पुत्र स्व0 कन्हैयालाल, 2. देवेन्द्र कुशवाहा पुत्र भरोसेराम उर्फ रामभरोसे, 3. दिनेश कुमार पुत्र भरोसेराम उर्फ रामभरोसे निवासीगण ग्राम चुरारा थाना-मऊरानीपुर, जनपद-झाँसी हाल निवासी सीपरी मिशन कम्पाउण्ड, थाना-सीपरी बाजार, जनपद-झाँसी रौनी तिगैला, थाना-मऊरानीपुर, जनपद-झाँसी से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 07.03.2026 को वादी श्री स्वामीप्रसाद कुशवाहा पुत्र पुल्ले कुशवाहा निवासी मलखावती थाना गुरसराय जनपद झांसी की तहरीर के आधार पर बावत दिनांक 18.05.2019 को वादी की पुत्री श्रीमती केशर उम्र 27 वर्ष की शादी देवेन्द्र पुत्र रामभरोसे निवासी ग्राम चुरारा थाना मऊरानीपुर झाँसी के साथ सम्पन्न होने तथा शादी के बाद से ही ससुरालीजनों द्वारा अतिरिक्त दहेज में चार लाख रूपये की मांग करना तथा माँग पूरी न होने पर पुत्री श्रीमती केशर को मारपीट कर प्रताडित करने तथा दिनांक 07.03.2026 को वादी की पुत्री श्रीमती केशर की दहेज की मांग पूरी न होने पर गला दबाकर हत्या कर देने के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 95/2026 धारा 85/80(2)/115(2) बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट पंजीकृत किया गया था।

विवेचना के क्रम में आज दिनांक 09.03.2026 को मुकदमा उपरोक्त से वाँछित अभियुक्तगण 1. भरोसेराम उर्फ रामभरोसे पुत्र स्व0 कन्हैयालाल, 2. देवेन्द्र कुशवाहा पुत्र भरोसेराम उर्फ रामभरोसे 3- दिनेश कुमार पुत्र भरोसेराम उर्फ रामभरोसे निवासीगण ग्राम चुरारा, थाना-मऊरानीपुर, जनपद-झाँसी हालनिवासी सीपरी मिशन कम्पाउण्ड थाना-सीपरी बाजार, जनपद-झाँसी को रौनी तिगैला मऊरानीपुर के पास से गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-</u>**

1. भरोसेराम उर्फ रामभरोसे पुत्र स्व0 कन्हैयालाल,
2. देवेन्द्र कुशवाहा पुत्र भरोसेराम उर्फ रामभरोसे,
3. दिनेश कुमार पुत्र भरोसेराम उर्फ रामभरोसे निवासीगण ग्राम चुरारा, थाना-मऊरानीपुर, जनपद-झाँसी हालनिवासी सीपरी मिशन कम्पाउण्ड थाना-सीपरी बाजार, जनपद-झाँसी

**<u>पुलिस टीम का विवरण-</u>**

1. निरीक्षक इन्द्रपाल सरोज थाना मऊरानीपुर, झांसी
2. उ0नि0 प्रान्जल सिंह थाना मऊरानीपुर, झांसी
3. हे0का0 अरविन्द राजपूत थाना मऊरानीपुर, झांसी
4. का0 318 अमन सिंह थाना मऊरानीपुर, झांसी
5. म0का0 1553 पूनम थाना मऊरानीपुर, झांसी